# जिला पदाधिकारी, गया की अध्यक्षता में दिनांक–26 नवम्बर, 2024 को जिला परिषद्, गया में सेवानिवृत कर्मियों की सेवाएं संविदा के आधार पर नियोजन हेतु संपन्न चयन समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थितिः– पंजी के अनुसार

आज दिनांक–26 नवम्बर, 2024 को जिला पदाधिकारी, गया की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2325/पं0रा0, दिनांक–12.03.2024 के आलोक में जिला परिषद्, गया में रिक्त पदों यथा प्रधान सहायक, उच्चवर्गीय लिपिक एवं लेखापाल के पद पर राज्य सरकार/जिला परिषद्/बोर्ड/निगम/लोक उपक्रम से सेवानिवृत कर्मियों की सेवाएं संविदा के आधार पर नियोजन हेतु दिनांक–07 जुलाई, 2024 को स्थानीय अखबार में विज्ञापन प्रकाशन किया गया। उक्त विज्ञापन के आलोक में दिनांक–24.07.2024 तक कुल 08 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के आलोक में दिनांक–26.11.2024 को संविदा के आधार पर नियोजन हेतु चयन समिति द्वारा आयोजित साक्षात्कार के उपरान्त चयन समिति की बैठक आहूत की गयी जिसमें सदस्य/पदाधिकारी उपस्थित हुए :–

1. जिला पदाधिकारी, गया। — अध्यक्ष
2. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गया। — सदस्य (सचिव)
3. जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गया। — सदस्य
4. अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गया। — सदस्य

1. चयन समिति द्वारा सर्वप्रथम कार्यालय जिला परिषद्, गया में प्राप्त कुल–08 आवेदन पत्रों यथा प्रधान सहायक पद हेतु 03 (तीन आवेदन), उच्चवर्गीय लिपिक पद हेतु 02 (दो आवेदन) एवं लेखापाल पद हेतु 03 (तीन आवेदन) की समीक्षा की गई। जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | पद का नाम | | आवेदन कर्त्ता | कुल आवेदन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उच्च वर्गीय लिपिक (रिक्ति 02 पद) | 1 | नाम– श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा,<br>किस पद से सेवानिवृत– उच्च वर्गीय लिपिक,<br>सेवानिवृति की तिथि– 30.04.2024 | कुल–02 आवेदन |
| | | 2 | नाम– श्री सुरेश कुमार विश्वकर्मा,<br>किस पद से सेवानिवृत– प्रधान लिपिक,<br>सेवानिवृति की तिथि– 30.04.2022 | |

| क्र0 | पद का नाम | | आवेदन कर्त्ता | कुल आवेदन |
|---|---|---|---|---|
| 2 | प्रधान सहायक (रिक्ति 01 पद) | 1 | नाम– श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा,<br>किस पद से सेवानिवृत– उच्च वर्गीय लिपिक,<br>सेवानिवृति की तिथि– 30.04.2024 | कुल–03 आवेदन |
| | | 2 | नाम–श्री संजय कुमार सिन्हा,<br>किस पद से सेवानिवृत– प्रधान सहायक,<br>सेवानिवृति की तिथि–30.09.2023 | |
| | | 3 | नाम– श्री दिनेश प्रसाद सिन्हा,<br>किस पद से सेवानिवृत– सहायक प्रशासी पदाधिकारी,<br>सेवानिवृति की तिथि– 31.07.2024 | |

| क्र0 | पद का नाम | | आवेदन कर्त्ता | कुल आवेदन |
|---|---|---|---|---|
| 3 | लेखापाल (रिक्ति 01 पद) | 1 | नाम–श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा,<br>किस पद से सेवानिवृत–उच्च वर्गीय लिपिक,<br>सेवानिवृति की तिथि–30.04.2024 | कुल–03 आवेदन |
| | | 2 | नाम– श्री दिलीप कुमार,<br>किस पद से सेवानिवृत– उच्च वर्गीय लिपिक,<br>सेवानिवृति की तिथि– 31.01.2022 | |
| | | 3 | नाम– श्री सुरेश कुमार विश्वकर्मा,<br>किस पद से सेवानिवृत– प्रधान लिपिक,<br>सेवानिवृति की तिथि– 30.04.2022 | |

2. विभागीय पत्रांक–2325 / पं०रा०, दिनांक–12.03.2024 की कंडिका 3 के अनुसार **"किसी पद विशेष से सेवानिवृत कर्मी का चयन उसी पद विशेष अथवा समकक्ष पद के विरूद्ध किया जा सकेगा"** के आलोक में उच्च वर्गीय लिपिक के पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त 02 (दो) आवेदनों यथा 1. श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा, एवं 2. श्री सुरेश कुमार विश्वकर्मा में से सिर्फ श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा, पिता–स्व0 जलहारी प्रसाद, मुहल्ला–रोवानगर, आवास सं0–33, थाना–सिविल लाईन, जिला–गया पूर्व में भूमि सुधार उप समाहर्त्ता कार्यालय, शेरघाटी से उच्च वर्गीय लिपिक के पद से सेवानिवृत हैं। अतः श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा का चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा को कार्यालय जिला परिषद्, गया में संविदा के आधार पर उच्च वर्गीय लिपिक के पद पर नियोजित किया जाता है।

3. विभागीय पत्रांक–2325 / पं०रा०, दिनांक–12.03.2024 की कंडिका 3 के अनुसार **"किसी पद विशेष से सेवानिवृत कर्मी का चयन उसी पद विशेष अथवा समकक्ष पद के विरूद्ध किया जा सकेगा"** के आलोक में प्रधान सहायक के पद पर नियुक्ति हेतु प्राप्त 03 (तीन) आवेदनों यथा **01.** श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा, **02.** श्री संजय कुमार सिन्हा एवं **03.** श्री दिनेश प्रसाद सिन्हा में से सिर्फ श्री संजय कुमार सिन्हा, पिता–स्व0 सरभुग प्रसाद, मुहल्ला–शास्त्री नगर (पश्चिम), थाना–रामपुर, जिला–गया पूर्व में प्रखण्ड कार्यालय, शेरघाटी से प्रधान सहायक के पद से सेवानिवृत हैं। अतः श्री संजय कुमार सिन्हा का चयन समिति के समक्ष साक्षात्कार के उपरान्त समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि श्री संजय कुमार सिन्हा को कार्यालय जिला परिषद्, गया में संविदा के आधार पर प्रधान सहायक के पद पर नियोजित किया जाता है।

4. विभागीय पत्रांक–2325 / पं०रा०, दिनांक–12.03.2024 की कंडिका 3 के अनुसार **"किसी पद विशेष से सेवानिवृत कर्मी का चयन उसी पद विशेष अथवा समकक्ष पद के विरूद्ध किया जा सकेगा"** के आलोक में लेखापाल पद हेतु प्राप्त कुल 03 (तीन) आवेदनों यथा **1.** श्री सुभाष चन्द्र सिन्हा, **2.** श्री दिलीप कुमार एवं **3.** श्री सुरेश कुमार विश्वकर्मा मे से कोई भी कर्मी लेखापाल पद से सेवानिवृत नहीं हैं। अतः चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया कि कार्यालय जिला परिषद्, गया में संविदा के आधार पर लेखापाल पद हेतु उक्त कर्मियों का नियोजन नहीं किया जा सकता है।

**अन्त में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गया। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गया। | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गया। | जिला पदाधिकारी, गया। |

**ज्ञापांक–**1752**/ जि0प0,** **गया, दिनांक–**28 / 11 **/ 2024 ई0।**

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गया को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः–जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गया को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गया को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपिः–सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना की सेवा में सादर सूचनार्थ समर्पित।

| | | | |
|---|---|---|---|
| अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गया। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गया। | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गया। | जिला पदाधिकारी, गया। |